संक्षिप्त

अवैध बजरी के 2 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

निवाई। सदर थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन मामले में बजरी के 2 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किए है। सदर थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देषानुसार अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्रसिंह भाटी व डीवाईएसपी मृत्युन्जय मिश्रा के पर्यवेक्षण मे पुलिस उपनिरीक्षक हीरालाल वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध बजरी खनन व परिवहन करते पाये जाने पर 2 ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया है। चालक ट्रेक्टर ट्रॉली को मौके पर छोडकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि ट्रैक्कटर चालकों के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि विशेष टीम में थानाधिकारी वर्मा सहित पुलिस सहायक उपनिरीक्षक मदनलाल, कानि मुकेश, कानि राजेश व चालक रामखिलाडी को शामिल किया है।

यूपीएससी चयनित डॉ. कोमल गुर्जर का स्वागत

कोटपूतली। यूपीएससी 2024 के मंगलवार को आये नतीजों में 590 वीं रैंक हांसिल कर चयनित होने वाली जिले के नारायणपुर उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बसई जोगियान की ढ़ाणी ठेकला की निवासी डॉ. कोमल गुर्जर का दिल्ली से अपने गाँव जाते वक्त कोटपूतली आगमन पर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। कस्बे के पूतली कट पर अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष एड. दयाराम खटाना के नेतृत्व में माला, साफा व गुलदस्ता भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। प्रथम प्रयास में सिविल सेवाओं में चयनित होकर डॉ. कोमल ने देश भर में अपने परिवार, गांव, समाज व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस दौरान जिला पार्षद मंजू रावत, मालीराम कम्पाउन्डर, सूरजभान हवलदार, डॉ. धर्मपाल खटाना, अमरसिंह कसाना, राजाराम गोलवा, राजेश गुर्जर, सुरेन्द्र कसाना कैलाश कसाना समेत बड़ी संख्या में अन्य मौजूद रहे।

आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ वृत्त कोटा के चुनाव गुरूवार को

जयपुर। राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के संयुक्त महासचिव गोविन्द नाटाणी रमेश चन्द शर्मा एवं प्रान्तीय कार्यालय मंत्री मोहम्मद युसूफ खान ने बताया कि कर्मचारी संघ के द्विवार्षिक चुनाव के प्रथम चरण में सम्भाग कोटा के कर्मचारियों के चुनाव दिनांक 24.04.2025 गुरूवार को कोटा वृत्त कार्यालय में दोपहर 1 बजे आयोजित किये जायेंगे। चुनाव सम्पन्न करवाने हेतु राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दशरथ कुमार के द्वारा भगवती प्रसाद एवं मोहन सिंह को चुनाव पर्यवेक्षक मनोनित किया गया है। चुनाव पर्यवेक्षक भगवती प्रसाद एवं मोहन सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु चुनाव सम्पन्न कराये जायेंगे। मतदान की स्थिति में उसी दिन मतदान करवाकर चुनाव प्रक्रिया सम्पूर्ण करके वृत्त अध्यक्ष घोषित कर दिया जायेगा।

निःशुल्क अस्थमा एलर्जी चिकित्सा परामर्श शिविर कल

श्रीमाधोपुर। स्वर्गीय चंद्र मणि शर्मा धर्मार्थ चिकित्सा परामर्श केंद्र श्रीमाधोपुर में 25 अप्रैल शुक्रवार को प्रात: 9 से दोपहर 12 बजे तक नि:शुल्क अस्थमा चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। संस्थान के युगल किशोर शर्मा जोशी एवम समाजसेवी छाजूराम खेड़ीवाल के अनुसार शिविर में डॉ आर एस सिसोदिया पूर्व टीवी स्टेट ऑफिसर जयपुर द्वारा दमा, एलर्जी, चेस्ट, टीबी,पुरानी खांसी से ग्रसित मरीजों को नि,:शुल्क परामर्श देंगे।

'दोषियों को सख़्त सज़ा दी जाये'

मनोहरपुर। हाल ही पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी और बर्बर हमले की मुस्लिम प्रोग्रेसिव फ़ैडरेशन घोर निंदा भर्त्सना करती है ! फ़ैडरेशन के कन्वीनर अब्दुल सलाम जौहर ने पहलगाम के आतंकी हमले में जान गवाने वालों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है ! कन्वीनर अब्दुल सलाम जौहर ने हमले की निंदा करते हुए सरकार से यह मांग की है सभी मर्तकों व घायलों को उचित मुआवज़ा दिया जाये और हमले के दोषियों को सख़्त से सख़्त सज़ा दी जाये।

प्रभारी मंत्री ने ली समीक्षा बैठक, जनसुनवाई कर सुनी ग्रामीणों की समस्या

- प्रभारी मत्री किरोड़ी ने पूर्व विधायक रामहेत की शिकायत पर विद्युत अभियंता को एपीओ किया

भिवाड़ी। प्रभारी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने रीको गेस्ट हाउस, भिवाडी के सभागार में विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक ली।अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा बजट घोषणाओं, आमजन की मूलभूत सुविधाओं एवं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का धरातल पर समयबद्ध रूप में प्रभावी क्रियान्वयन करावें। बैठक के उपरांत मंत्री ने जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी फोन पर सीधे गांव के लोगों से फीडबैक लिया और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

भिवाड़ी रीको गेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक लेते जिला प्रभारी मंत्री किरोड़ी लाल मीणा।

बैठक में तिजारा विधायक महंत बालक नाथ योगी, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव, जिला कलेक्टर किशोर कुमार, पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी ज्येष्ठा, मैत्रेयी पुलिस अधीक्षक खैरथल मनीष कुमार, एडीएम शिवपाल जाट, एडीएम सुमित्रा मिश्र, डीएफओ राजेन्द्र हुड्डा, जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी, समाज कल्याण अधिकारी गजराज यादव, उपरजिस्टार सहकारिता विभाग वेद प्रकाश सैनी, अधीक्षण अभियंता बिजली जेपी बैरवा, विभाग अधिशासी जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग धर्मेंद्र यादव, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, सीएमएचओ अरविंद गेट, वरिष्ठ प्रबंधक रीको यूनिट प्रथम एवं द्वितीय ज्ञानेंद्र शर्मा एवं आदित्य शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में पूर्व विधायक किशनगढ़ बास रामहेत सिंह यादव ने आकोली में किसान के साथ हुई घटना के बारे में प्रभारी मंत्री को अवगत कराया जिस पर मंत्री ने संबंधित विघुत सहायक अभियंता को एपीओ कर जांच कराने के निर्देश दिए,बैठक में प्रभारी मंत्री ने समीक्षा कर पानी, बिजली, चिकित्सा, हीट वेव, कृषि, पीएम सूर्य घर, पीएम कुसुम योजना, मेवात क्षेत्रीय विकास, पौधारोपण सहित राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन को मिले इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा कि ढिलाई से काम नहीं चलेगा। उन्होंने ट्रांसफार्मर चोरी, अवैध खनन, झोलाछाप डॉक्टर, अतिक्रमण, अवैध शराब को लेकर भी अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

प्रज्ञा सैनी ने किया शाहपुरा का नाम रोशन

शाहपुरा । शाहपुरा गौरव लाडली बिटिया प्रज्ञा सैनी पुत्री मुकेश सैनी शाहपुरा निवासी को परीक्षा 2024 में ऑल इंडिया 367वीं रैंक हासिल करने पर भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री ने शॉल ओढ़ाकर साफा पहना कर पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन कर हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री ने कहा कि बिटिया की कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण ने इस शानदार उपलब्धि को संभव बनाया है। इस दौरान सैनी कहा कि प्रज्ञा सैनी ने परिवार के साथ समाज और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति बंशीधर सैनी, पूर्व प्रधान श्रीमती मंजू सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मालीराम सैनी, त्रिवेणी मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार सैनी, सैनी समाज अध्यक्ष राधेश्याम सैनी, रवि कुमार सैनी, सुरेश सैनी, पत्रकार विजयपाल सैनी सहित कई सामाजिक प्रतिनिधियों ने बधाई दी।

बाल विवाह में सहयोग करने वालों पर होगी कार्यवाही : डॉ. सौम्या झा

- बाल विवाहों की रोकथाम को लेकर कार्यशाला आयोजित

टोंक। बाल विवाह की रोकथाम को लेकर बुधवार को जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न हितधारकों, सेवा प्रदाताओं एवं स्वयंसेवी संस्थानों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक नवल खान ने बताया कि अक्षय तृतीया, पीपल पूर्णिमा, बडल्या नवमी, देव उठनी एकादशी के अवसर पर अबूझ सावा होने के कारण बाल विवाह होने की संभावना अधिक रहती है।

जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन हुआ।

कार्यशाला में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानो पर चर्चा कर प्रतिषेध अधिकारियों एवं हितधारको को उनकी जिम्मेदारी से अवगत कराया गया। आगामी दिनों में टीम बनाकर प्रिटिंग प्रेसों का औचक निरीक्षण किया जायेगा, जिसमें आयु के दस्तावेज के अभाव में जो प्रेस शादी के कार्ड छापेंगें उनके विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

इस दौरान पंडित पवन सागर ने बताया कि हमारा 12-15 लोगो का समूह है जो विवाह से पूर्व वर वधू के आयु संबंधी दस्तावेज देखने के बाद ही मुहूर्त निकालते है व फैरे करवाते है। मुफ्ती आदिल नदवी ने बताया कि हम जुमे की नमाज के समय भी बाल विवाह जैसी बुराईयों को रोकने की हिदायत देते है। साथ ही, वर वधु के आयु के दस्तावेज देखने के बाद ही निकाह कराते है। कार्यशाला के बाद बाल विवाह जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष हेमराज चौधरी, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य सत्यनारायण शर्मा, एडीईओ हीरा लाल, महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक मैरिंगटन सोनी, अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. जितेंद्र कुमार, पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार, मानव तस्करी विरोधी यूनिट के कालू राम मीणा, काजी इकबाल हाशमी, काजी ताहिरूल हसन, सहायक श्रम आयुक्त कमल चंदोलिया, बाल विकास परियोजना अधिकारी चंद्रा जोशी समेत अन्य हितधारक उपस्थित रहे।

कारोली में रात्रि चौपाल एवं रात्रि विश्राम कार्यक्रम का आयोजन

- पीएचसी कारोली का किया निरीक्षण, दो अनुपस्थित कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस किया जारी

पावटा। उपखंड पावटा अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने अधिकारियों को ग्रीष्म ऋतु में निर्बाध पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिये हैं। मंगलवार को तहसील पावटा के ग्राम पंचायत कारोली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कारोली में उपखंड पावटा अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता एवं सरपंच श्रवण सिंह व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी तहसीलदार संजय कुमार खेदड, विकास अधिकारी सुशीला यादव, महिला बाल विकास अधिकारी संगीता, सहायक अभियंता विद्युत विभाग संजीव, सहायक अभियंता पीएचईडी विभाग दयाराम, सहायक अभियंता पीडब्लूडी विवेक रोलानिया, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धर्मवीर जिन्दौलिया, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार की उपस्थिति में रात्रि चौपाल एवं रात्रि विश्राम कार्यक्रम का आयोजन हुआ।रात्रि चौपाल कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने आमजन की परिवेदनाएं सुनी एवं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर फीडबैक भी लिया।

मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार की उपस्थिति में रात्रि चौपाल एवं रात्रि विश्राम कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस दौरान रात्रि चौपाल एवं रात्रि विश्राम कार्यक्रम में 10 प्रकरण प्राप्त हुए। जिनमें मुख्यतय राजस्व ग्राम बनाए जाने, नवीन रास्ते के संबंध में, पेंशन प्रकरण व पानी बिजली की व्यवस्था के संबंध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए । जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। रात्रि विश्राम के बाद प्रात पीएचसी कारोली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दो अनुपस्थित कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

वही लू तापघात, मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने व ओआरएस कॉर्नर व्यवस्थित रूप से स्थापित करने व साफ सफाई सही ढंग से करने के निर्देश दिए। वही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय व एमडीएम की जांच की गई। जहां व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।

श्री बालाजी महाराज के मंदिर में श्री मारुति महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न

श्रीमाधोपुर । ग्राम पंचायत गढ़टकनेत की बड़ी ढ़ाणी रामसागर जोहड़ा स्थित श्री बालाजी महाराज के मंदिर में श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर श्री हरिदास जी महाराज के सान्निध्य में 15 से 23 अप्रेल तक चले अविस्मरणीय नौ दिवसीय एवं नौ कुण्डीय श्री मारुति महायज्ञ का बुधवार को दोपहर 12.15 बजे पूर्णाहुति के बाद समापन हुआ। प्रतिष्ठित संत-महात्माओं का भव्य सम्मेलन आयोजित किया गया।दूर-दराज से पधारे संत- महात्माओं एवं साधु-संन्यासियों को महाप्रसादी खिलाकर यथोचित दक्षिणा देकर विदा किया गया। यज्ञाचार्य पण्डित रतनलाल लाटा एवं उनकी पन्द्रह सदस्यीय विद्वान पण्डितों की टीम को प्रसादी ग्रहण करवाकर तय की गई उनके मेहनताने की अदायगी के बाद विदाई दी गई।हवन-पूजा में बैठे दस के दस जोड़ों को विधि-विधान से पृथक किया गया। जोड़ों को लेने उनके परिवारजनों एवं रिश्तेदारों का बड़ा भारी हुजूम उमड़ा।जसवंतपुरा धाम के श्री श्री1008 महामण्डलेश्वर श्री भींवादासजी महाराज, अमरसर के श्री श्री 1008 श्री कालीदास जी महाराज, अनंतपुरा के श्री महावीर दास जी महाराज, अरनिया के दयानंद जी महाराज, रामपुरा धाम के रोहिताश दास जी महाराज,घटवाड़ी के सीताराम दास जी महाराज, खेड़ापति धाम सामोद के महाराज, दिवराला के किसनदास जी महाराज, मोहनदास जी महाराज सहित दर्जनों संत-महात्माओं ने पूर्णाहुति एवं संत-सम्मेलन में अपनी सकारात्मक एवं आध्यात्मिक उपस्थिति दर्ज कराई। नौ दिनों तक चले श्री मारुति महायज्ञ में कुल मिलाकर पांच लाख 51 हजार आहुतियां लगी जो अपने आपमें एक अनुकरणीय उदाहरण रहा।यज्ञ मंडप एवं पाण्डाल से भीड़ छंटते ही भक्तगणों -श्रृद्धालुओं -ग्रामीणजनों के भोजन-पंगत-महाप्रसादी का दौर शुरू हो गया जो देर रात तक चलने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। श्री श्री1008 महामण्लेश्वर श्री हरिदास जी महाराज ने अपने गुरु ब्रह्मलीन संत श्री श्री 1008श्री सिद्ध जी महाराज को श्रृद्धांजलि दी जिनकी आज पुण्यतिथि है और जिनकी स्मृति में मंगलवार 22 अप्रेल को शाम 7.30 बजे श्री रामकृष्ण गौशाला में गौसवामणी में महाराज श्री द्वारा करवाई गई थी।

जिला कलक्टर ने ली नवाचार 'प्रोजेक्ट समृद्ध किसान' के संबंध में बैठक

- प्रोजेक्ट के तहत चयनित किसानों की आय दुगुना करने के लिए दिलाए योजनाओं लाभ
- डेयरी संबंधी कार्यों से जुडे पशुपालकों को जोडे गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना से

अलवर । जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में आज मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में जिले के नवाचार 'प्रोजेक्ट समृद्ध किसान' की कार्ययोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिला प्रशासन के नवाचार 'प्रोजेक्ट समृद्ध किसान' से संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर चयनित किसानों को अपने-अपने विभागों की योजनाओं से पात्रतानुसार लाभान्वित करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के तहत किसानों की आय को दुगना करने के लिए आय के विभिन्न स्त्रोतों से उन्हें जोडने के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से किसानों को लाभान्वित करवाना है, ताकि वे समृद्ध किसान बन सकें। उन्होंने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक से किसानों के चयन के लिए आयोजित किए जा रहे कृषक सर्वे शिविरों का फीडबैक लेकर 15 मई तक प्रोजेक्ट के तहत किसानों का चयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरस डेयरी के महाप्रबंधक एवं अग्रणी जिला बैंक के प्रबंधक को जिले के समस्त पात्र किसानों को डेयरी किसान क्रेडिट योजना से लाभानवित करवाने के निर्देश दिये। डेयरी से संबद्ध सदस्य किसानों को गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना से करवाएं लाभान्वित उन्होंने सरस डेयरी एवं केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंधक को निर्देश देते हुए कहा कि डेयरी से संबद्ध सदस्य किसानों को गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना से लक्ष्यानुसार शत-प्रतिशत रूप से जोडऩा सुनिश्चित करें।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में कार्ययोजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने बताया कि सहकारिता विभाग की ओर से संचालित गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के गोपालकों को एक लाख रुपये तक का अल्पकालीन ब्याजमुक्त ऋण प्रदान किया जाता है, जिसकी अवधि एक वर्ष होती है।

इस ऋण का उपयोग पशु खरीदने, शेड निर्माण, चारा, उपकरण आदि खरीदने में कर सकता है। बैठक में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री पी.सी मीणा ने प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न विभागों योजनाएं जिनमें तारबंदी, फार्म पॉन्ड एवं गोवर्धन जैविक उर्वरक, ड्रिप संयंत्र, मिनी स्प्रिंकलर, मल्चिंग, सोलर पंप, पॉलीहाउस व बगीचा, मुख्यमंत्री मंगल पशु बीमा योजना व कृत्रिम गर्भाधान, केटल शेड निर्माण, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं डेयरी किसान क्रेडिट योजना, राज सरस सुरक्षा कवच बीमा योजना, सरस समूहिक आरोग्य योजना व सरस लाडली योजना, अल्पकालीन फसली ऋण एवं गोपालन क्रेडिट कार्ड योजना तथा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना से चयनित पात्र किसानों को लाभान्वित करवाया जाएगा। बैठक में नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल 'तिलहन' योजनान्तर्गत चयन किए गए।

औचक निरीक्षण में दो अनुपस्थित कार्मिकों को नोटिस

दौसा। जलदाय विभाग की अधिशासी अभियंता राजेश मीणा ने मंगलवार को एईएन शहर दौसा और एईएन दौसा ग्रामीण कार्यालय का सुबह 10 बजे औचक निरीक्षण किया, जहां कार्मिक शंभू दयाल शर्मा और हेल्पर अमित कुमार शर्मा के अनुपस्थित पाए जाने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए गए। एक्सईएन मीणा ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान एईएन सिटी में कुल 11 कार्मिकों में से 9 उपस्थित तथा एक अनुपस्थित व एक कार्मिक मेडिकल लीव पर होना पाया गया। वहीं एईएन ग्रामीण में कुल सात कार्मिकों में से सातों उपस्थित मिले।

इस दौरान कनिष्ठ अभियंता उत्पादन और कनिष्ठ अभियंता राजस्व कार्यालय का भी निरीक्षण किया जिसमें राजस्व कार्यालय में कार्मिक अमित कुमार शर्मा भी अनुपस्थित मिले। उन्होंने सहायक अभियंता दौसा शहर और दौसा ग्रामीण को निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। नियमित रूप से शिकायत दर्ज करें और उनका निस्तारण समय सीमा के अनुरूप करें। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि पेयजल संबंधी शिकायत या परेशानी होने पर पेयजल के लिए बनाए गए।

सार-समाचार

श्री राम कथा का शुभारंभ

बौंली- बामनवास। शिव बगीची बौंली के प्रांगण से 23 अप्रैल बुधवार को कलश यात्रा के साथ ही पांच दिवसीय भव्य श्री राम कथा का शुभारंभ हो गया। पंडित हेमराज दीक्षित ने बताया कि सर्व हिंदू समाज बौंली के तत्वावधान में बुधवार को शिव बगीची प्रांगण से कलश यात्रा निकाली गई, कलश यात्रा में सैकड़ो महिलाएं सर पर कलश रखकर भजनों के साथ नंगे पैर चल रही थी, कलश यात्रा शिव बगीचे प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर पालिका चौराहे होते हुए मुख्य बस स्टैंड, सदर बाजार से श्री राम कथा स्थल कामेश्वर महादेव मुनीम जी की धर्मशाला पहुंची।श्री राम कथा 23 अप्रैल से 27 अप्रैल तक पांच दिवसीय होगी तथा का समय दोपहर 1 से 5 तक रहेगा, श्री राम कथा का वाचन व्यास कथाकार सुश्री संगीता किशोरी जी द्वारा किया जा रहा है।

ऑनलाइन साइबर ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

बौंली -बामनवास। भरतपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के आदेशानुसार चलाए जा रहे एंटीवायरस अभियान के तहत सवाई माधोपुर जिले की बौंली थाना पुलिस ने 22 अप्रैल की शाम खिरनी कस्बे से वर्क, फ्रॉम, होम करने के नाम पर ऑनलाइन साइबर ठगी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । 22 अप्रैल को दोराने गस्त सहायक उप निरीक्षक रूप सिंह, हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी, कांस्टेबल मुकेश, शीशराम व बनवारी लाल की टीम को साइबर सेल सवाई माधोपुर व तकनीकी संसाधनों से पता चला कि कस्बा खिरनी में एक मोबाइल धारक द्वारा लोगों से ऑनलाइन साइबर ठगी की जा रही है, जानकारी पर पुलिस टीम ने खिरनी कस्बे में पहुंचकर तकनीकी संसाधनों के आधार पर आरोपी विजेंद्र सैनी उर्फ़ विजय सिंह उम्र 23 वर्ष व पवन सेन उम्र 20 वर्ष निवासी खिरनी थाना बौंली को गिरफ्तार किया, जिनके पास तीन मोबाइल, 15 सिमकार्ड, नो एटीएम कार्ड, कई आधार कार्ड व अन्य सामग्री बरामद कर उनके विरुद्ध धारा 319 (2) 318 (4)बीएनएस 13आरपीजीओ व 66 सी,डी आईटी एक्ट में प्रकरण संख्या 133/25 दर्ज किया गया । आरोपियों द्वारा पिछले कई माह से इंस्टाग्राम विभिन्न अकाउंट्स बनाकर वर्क, फ्रॉम, होम के नाम पर कई लोगों से लाखों रुपए की ऑनलाइन ठगी करना पाया गया है, जिनमें विभिन्न खातों में अब तक करीब 8 लाख रुपए का ट्रांजैक्शन मिला है, प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

न्यायालय परिसर में पक्षियों के लिए परिंडे

श्रीमाधोपुर । तालुका विधिक सेवा समिति श्रीमाधोपुर के तत्वावधान में पवन गैस एजेंसी रिंगस के संचालक पवन शर्मा के सहयोग से भीषण गर्मी को देखते हुए न्यायालय परिसर में पक्षियों के लिए जल वअन्न हेतु परिंडे लगाए गए। साथ ही न्यायालय परिसर में आने वाले पक्षकारों व अधिवक्ता गण के लिए पानी के मटके रखवाए गए ।समिति अध्यक्ष गीता पाठक (एडीजे)ने इसे एक अनूठी पहल बताया। इस अवसर पर एसीजेएम क्रम संख्या -1 अनूप कुमार, एसीजेएम क्रम संख्या -2 पायल गौतम, न्यायिक मजिस्ट्रेट डेनिस बिश्नोई ,भामाशाह पवन शर्मा ,मुकेश चोपड़ा, मनोज मिश्रा ,अभिभाषक संघ अध्यक्ष रामजीलाल सैनी ,महासचिव दीपेंद्र कुमार भारद्वाज एवं काफी संख्या में अधिवक्तागण व न्यायिक कर्मचारीगण मौजूद थे ।इन परिंडों की नियमित साफ सफाई एवं पानी वअन्न रखने की जिम्मेदारी अभिभाषक संघ ने ली है।

श्रद्धांजलि सभा का आज होगा आयोजन

पावटा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दो दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत से पूरे देश में आक्रोश फैल गया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाँव में आतंकियों द्वारा हिन्दूओं के नरसंहार के विरोध व हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए शाम 5 बजे प्रागपुरा कस्बा स्थित सुभाष चौक से पावटा कस्बा स्थित सुभाष चौक तक विशाल आक्रोश प्रदर्शन करते हुए बाइक रैली निकाली जायेगी। वही पावटा कस्बा स्थित सुभाष चौक पहुंचकर शाम 6 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा जायेगा। आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसमें विभिन्न संगठनों द्वारा विशाल आक्रोश प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान सभा में सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश कल्ला का विशेष उद्बोधन होगा।

उचित मूल्य दुकानदार का प्राधिकार पत्र निलम्बित

दौसा। महवा तहसील की नोरंगवाडा ग्राम पंचायत के उचित मूल्य दुकानदार टीकाराम मीना का प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। जिला रसद अधिकारी मोहनलाल देव ने बताया कि उचित मूल्य दुकानदार टीकाराम मीना (25843) की उचित मूल्य दुकान का बुधवार को निरीक्षण किया गया। इस दौरान वहां राजस्थान खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक पदार्थ (वितरण का विनियमन) आदेश 1976 के तहत जारी प्राधिकार पत्र की शर्तों का उल्लंघन पाया गया, जिस पर कार्यवाही करते हुए उचित मूल्य दुकानदार टीकाराम मीना का प्राधिकार पत्र आगामी आदेशों तक तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है।

पांच छात्रों का जेईई मैंस में चयन

निवाई। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल के पांच छात्र-छात्राओं का जेईई मैंस में चयन हुआ है। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि विद्यालय के छात्र रोशन सैनी, प्रियंका मीणा, शुभम शर्मा, प्रियांशु करनानी व दीपेश शिवानी का कक्षा 12 के साथ जेईई मैंस में चयन हुआ है साथ ही पूर्व छात्र गोपाल शर्मा का भी इस वर्ष जेईई मेंस में चयन हुआ है तथा इन छात्र-छात्राओं को जेईई एडवांस के लिए योग्य घोषित किया है। उल्लेखनीय हैं कि पिछले दो-तीन वर्षों से लगातार स्थानीय विद्यालय से जेईई मैंस, जेईई एडवांस व नीट में चयन होता आया है। जो वर्तमान में ट्रेनिंग कर रहे हैं। चयनित छात्र-छात्राओं का विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय परिवार द्वारा छात्रों का तिलक लगाकर एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विख्यात विनोदकुमार शर्मा, विकास गुर्जर, योगेशकुमार शर्मा, अंकिता राजावत, कमलसिंह कसाना, रमेशचंद मीना, हनुमानप्रसाद गुर्जर, जीशान अहमद, मदनमोहन मीणा, सुनीता गुर्जर, कुंती शर्मा, आरती तिवारी, दिव्यानी शर्मा, सोनू सोनी, सुदेश बाई व अमितकुमार शर्मा आदि समस्त स्टाफ मौजूद थे।

पोस्टर का किया विमोचन

कोटपूतली। सैन समाज के संत शिरोमणि सैन महाराज की 725 वीं जयंती शुक्रवार 25 अप्रैल को श्री सैन मंदिर विकास प्रबंधक एवं समाज उत्थान (रजि.) समिति के तत्वाधान में श्री सैन मंदिर पूतली में मनाई जायेगी। बुधवार को विधायक हंसराज पटेल द्वारा सैन जयंती पोस्टर का विमोचन किया गया। वहीं गांवों में प्रचार-प्रसार के लिये टीमें रवाना की गई। श्री नारायण सेना अध्यक्ष ओमप्रकाश सैन व परगना उप प्रधान संजय सैन खेडकी ने बताया कि सैन जयंती समारोह के मुख्य अतिथि जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह होगें।

सीएचसी के भवन का होगा नवनिर्माण

कोटपूतली। विधायक हंसराज पटेल की अनुशंषा पर राज्य सरकार ने जिला डीएमएफटी फण्ड से क्षेत्र के ग्राम गोनेड़ा स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) के भवन निर्माण हेतु 08 करोड़ 32 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है कि विधायक पटेल के प्रयासों से राज्य सरकार ने वर्ष 2024 के बजट में गोनेड़ा पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत किया था। जिसके बाद सीएचसी के कुशल संचालन हेतु भवन की आवश्यकता जताई जा रही थी। विधायक पटेल के प्रयासों से राज्य सरकार ने इसके लिये जिला डीएमएफटी कोष से राशि जारी की है। पटेल ने उपरोक्त स्वीकृति पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, डीप्टी सीएम दीया कुमारी व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर का आभार व्यक्त किया।